## गुस्ताखी माफ



ऑफर देकर सेल का, करते लोग प्रचार।
वही कर रहा था यहां, दारू ठेकेदार।
दारू ठेकेदार, गलत है भैया कैसे।
नेता-बिजनसमैन, छूट सब देते ऐसे।
कह साहिल कविराय, टॉप का धंधा मेकर।
बढ़ा रहा था सेल, पेग की ऑफर देकर।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416    UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 136 | WEDNESDAY 27-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# ड्रग्स से ज्यादा घातक हुआ सट्टेबाजी कारोबार

# इज़ी इनकम की चकाचौंध में बदनाम पेशा बना यूथ की पहली पसंद

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। लुधियाना में गेमिंग एप से कमाए करोड़ों रुपए हेरफेर करने के आरोप में धागा कारोबारी हीरा सचदेवा पर ईडी द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ईडी के इस एक्शन के बाद अब यह गेमिंग एप, बैटिंग, बुकी और हवाला कारोबार को लेकर नए खुलासे होने शुरू हो चुके हैं। चर्चा है कि अभी तो आरके रोड स्थित हीरा सचदेवा, फिरोजगांधी मार्केट में मौजूद अनिल जैन समेत एक-दो और बुकी व हवाला कारोबार करने वाले लोगों के नाम सामने आए हैं। लेकिन इनके अलावा भी 200 से 300 लोग ऐसे हैं, जो इस धंधे से जुड़कर रोजाना का करोड़ों रुपए का हेरफेर कर रहे हैं। लेकिन उनके चेहरे अभी सामने नहीं आए हैं। एक समय था जब बुकी, बैटिंग जैसे धंधों को बदनाम माना जाता था। लेकिन इन बड़े घोटालेबाजों से अट्रैक्ट होकर यूथ भी इस राह पर चलना शुरू हो चुका है। हालात यह है कि आसान इनकम के कारण यूथ इस पेशे को अपनी शान समझते हुए रोहब से सभी को अपने कारोबार के बारे में बताते हैं। शहर के बड़े घरानों के युवा इसमें अटैच हैं। चर्चा है कि यह कारोबार ड्रग्स से कई गुना घातक है, जो आने वाले समय में हमारे यूथ को पूरी तरह से बर्बाद कर देगा। जिसके चलते प्रशासन के साथ साथ पेरेंट्स को भी अपने बच्चों पर फोक्स करने की जरुरत है।

**दुबई शिफ्ट हो रहे लोग...**चर्चा है कि शहर का भारी मात्रा में यूथ दुबई शिफ्ट हो रहा है। जिसका मुख्य कारण यह बुकी और हवाला का कारोबार है। युवाओं द्वारा वहां बैठकर भारत में बुकी लगाई जाती है। जबकि कई युवा ऐसे हैं, जो बैठे तो भारत में हैं, लेकिन कारोबार दुबई के जरिए करते हैं। जिनकी और से बड़ी मात्रा में हवाला का कारोबार किया जा रहा है।

**सेंटर के राजनेता बना रखे सुरक्षा कवच...**वहीं चर्चा हैं कि इन बुकियों और हवाला कारोबारियों द्वारा सेंटर के साथ अचैच राजनेताओं को अपना सुरक्षा कवच बना रखा है। जिनकी और से पकड़े जाने पर सेंटर के राजनेताओं का नाम लेकर प्रभाव डाला जाता है। हालांकि उन राजनेताओं को इन बुकियों का पता तक नहीं होता। लेकिन वे फिर भी जांच एजेंसियों को अपना रसूख दिखाते हैं।




**कर्ज में डूबे कारोबारी भी बने करोड़पति...**चर्चा है कि शहर में कई लोग ऐसे हैं, जो पहले कर्ज में डूबे हुए थे, यहां तक कि उनकी फर्में एनपी घोषित हो चुकी थी। लेकिन बुकी के कारोबार में जुड़ने के बाद कुछ महीनों में ही काफी तेजी से तरक्की की। आज वे लग्जरी कारों में घूमते है और महंगे घरों में रहते हैं। आज वे बुकी शहर के धन्नासेठों को भी मात दे रहे हैं। रोजाना करोड़ों रुपए का कारोबार करने वाले इन बुकियों के लग्जरी आर्टिफिशियल लाइफस्टाइल को देकर युवा प्रभावित होकर इस धंधे में जुड़ रहे हैं।

**टेलीग्राम एप बना घोटाला का मुख्य केंद्र...**चर्चा है कि बुकियों द्वारा अपने कारोबार के लिए टेलीग्राम एप का इस्तेमाल किया जाता है। जिसके चलते यह एप मुख्य केंद्र बनकर उभरा है। इसके जरिए बुकी लेनदेन करते हैं। रोजाना सैकड़ों की गिनती में नए अकाउंट बनाए जाते हैं और एक बार इस्तेमाल के बाद उन्हें बंद कर दिया जाता है। दरअसल, टेलीग्राम एप पर ज्यादातर जानकारी अनवेरिफाई होती है। जिसके चलते इससे बुकी जल्द ट्रेस नहीं हो पाते।

**होटलों में स्क्रीन लगा चलता है सट्टा...**चर्चा है कि शहर के होटलों और कई क्लबों में बड़ी स्क्रीन लगा क्रिकेट मैच दिखाया जाता है। स्क्रीन के आगे सैकड़ों लोग बैठकर मैच देखते हैं। कहने को तो वे मनोरंजन का साधन है, लेकिन इन सैकड़ों लोगों में कई सट्टेबाज भी बैठे होते हैं। जिनकी तरफ से वहां बैठे बैठे साथ के साथ सट्टा लगाया जाता है। यह धंधा ज्यादातर बड़े घरानों द्वारा किया जाता है। इसी के चलते प्रशासन इन पर एक्शन नहीं ले पाता।

**वी-ट्रेड एप के जरिए करोड़ों रुपए ठगे...**वहीं पुलिस द्वारा दो साल पहले फिरोजगांधी मार्केट से हैबोवाल की बावा कॉलोनी के अनिल जैन, हैबोवाल के लक्ष्मी नगर के सनी कुमार और अहमदगढ़ के करमजीत कौर को गिरफ्तार किया था। जिनकी और से वी-ट्रेड एप के जरिए लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की। लेकिन अब जेल से रिहा होने के बाद आरोपियों द्वारा फिरोजगांधी मार्केट में ही दूसरी जगह ऑफिस खोलकर दोबारा से ट्रेडिंग शुरू कर दी।

**फैमिली अंपायर छोड़ बैटिंग और मैच फिक्स कारोबार चुन रहे युवा...**शहर में युवा इस आर्टिफिशियल चकाचौंध से इतने प्रभावित हैं, कि वह अपना भविष्य इसी में देखने लगे हैं। कई अच्छे बिजनेस फैमिलियों के लिए यह परेशानी बनकर सामने आ रही हैं। क्योंकि युवाओं द्वारा अपने फैमिली अंपायर छोड़कर बैटिंग और मैच फिक्सिंग कारोबार को चुना जा रहा है। एक बड़ी फर्म का मालिक पूरा दिन काम करने के बाद इतना पैसा नहीं उड़ा पाता, जितना इन बुकियों द्वारा कुछ मिनटों में उड़ा दिया जाता है।

ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥

ਪਾਠ ਦੇ ਭੋਗ ਅਤੇ ਅੰਤਿਮ ਅਰਦਾਸ



ਆਪ ਜੀ ਨੂੰ ਦੁਖੀ ਹਿਰਦੇ ਨਾਲ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸਤਿਕਾਰਯੋਗ

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਜੀ

ਮਿਤੀ 23 ਮਈ 2026 ਨੂੰ ਸਦੀਵੀ ਵਿਛੋੜਾ ਦੇ ਗਏ ਸਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਆਤਮਿਕ ਸ਼ਾਂਤੀ ਲਈ

ਪਾਠ ਦਾ ਭੋਗ ਅਤੇ ਅੰਤਿਮ ਅਰਦਾਸ

ਮਿਤੀ 27 ਮਈ, 2026 ਦਿਨ ਬੁੱਧਵਾਰ ਨੂੰ ਦੁਪਹਿਰ 1:00 ਵਜੇ ਤੋਂ 2:00 ਵਜੇ ਤੱਕ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਸਿੰਘ ਸਭਾ, ਸਰਾਭਾ ਨਗਰ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਵਿਖੇ ਹੋਵੇਗੀ।

ਦੁਖੀ ਹਿਰਦੇ

ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ
ਬੇਅੰਤਪਾਲ ਸਿੰਘ ਚਾਵਲਾ
ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ
ਹਰਜੀਤ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ

ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ
ਤੇਜਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ
ਉਪਕਾਰ ਸਿੰਘ ਆਹੂਜਾ
ਈਸ਼ਰ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ

ਪਰਮਦੀਪ ਸਿੰਘ ਚੱਢਾ
ਤੇਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਅਨੇਜਾ
ਪਰਮਿੰਦਰ ਸਿੰਘ
ਮਨਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ
ਤੇਜਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ

ਦੀਪ ਸਟੋਰਜ਼, ਘੁਮਾਰ ਮੰਡੀ, ਲੁਧਿਆਣਾ
ਸਮੂਹ ਸੀਮੀਕੇ ਪਰਿਵਾਰ

रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी आदरणीय

श्रीमती चंचल जैन (संथारा साधिका)

( धर्मपत्नी स्व. श्री सुभाष चंद जैन 'लोहढ़ा', जंडियाला गुरू वाले )

का दिनांक 26 मई 2026 को स्वर्गवास हो गया है।

रस्म पगड़ी दिनांक 27-05-2026 दिन बुधवार प्रातः 11 बजे
जैन स्थानक, सिविल लाइंस, सिमिट्री रोड, नजदीक चौक फव्वारा, लुधियाना में होगी।

शोकाकुल परिवार

राजन जैन 'रोमी' - प्रीति जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
स्व. अवनीश जैन 'विक्की' (पुत्र)
श्रेया जैन - मोहित जैन (पौत्री-पौत्रदामाद) (Sun Bright Hosiery)
रिधम जैन - शुभम जैन (पौत्री-पौत्रदामाद) (S.L. Oswal Hosiery)
अदवित, कृषा, अविराज जैन (पड़दोहते, पड़दोहती)
श्रीमती कमलावंती जैन धर्मपत्नी स्व. श्री कश्मीरी लाल जैन (जेठानी-जेठ)
स्व. विजय कुमार जैन - स्व. कांता जैन (जेठ-जेठानी)
स्व. चक्कर पाल जैन - स्व. हर्ष बाला जैन (जेठ-जेठानी)
श्रीमती माला जैन धर्मपत्नी स्व. श्री किशोर चंद जैन (ननद-ननदोई)
अजय जैन 'बाबी' - रूचि जैन (भतीजा-भतीजवधु) (Chakar Hosiery)
संजीव जैन 'गोगा' - चीनू जैन (भतीजा-भतीजवधु) (Chakar Hosiery)

मायका परिवार :
स्व. श्री मुनि लाल जैन - स्व. लाजवंती जैन (पिता-माता)
जैन प्रकाश जैन - सिकंदरा जैन (चाचा-चाची)
श्री मुनि लाल रोशन लाल जैन परिवार
विमल प्रकाश जैन - स्व. शम्मी जैन (भाई-भाभी)
अमित जैन 'मनु' - पैमीला जैन (भतीजा-भतीजवधु)
(Atam Valves Ltd., Jalandhar)
श्रीमती रोजी जैन धर्मपत्नी स्व. सुमति प्रकाश जैन (भाई-भाभी)
अनु जैन - विनय जैन (भतीजी-भतीजदामाद) (Shreyans Fabrics)
सरोज जैन - वरिन्द्र जैन 'दिल्ली' (बहन-जीजा)
संतोष जैन - स्व. हीरा लाल जैन 'आगरा' (बहन-जीजा)

समधी परिवार :
जनक राज जैन - सुनीता जैन (समधी-समधन) (Jain Amber)
स्व. अश्वनी जैन - चंदना जैन (समधी-समधन) (Sun Bright Hosiery)
संजीव जैन - मंजू जैन (समधी-समधन) (S.L. Oswal Hosiery)

श्री जगननाथ कुंदन लाल जैन 'लोहढ़ा' परिवार (जंडियाला गुरू वाले)

M/s. PARSHAV S. KNIWEARS
LUDHIANA (M) 98146-88770, 89682-47777
M/s. CHAKAR HOSIERY

Uturn Time 27 May 2026_Layout 2 27-05-2026 00:25 Page 2



## राल्सन हाई फ्लायर्स अवार्ड्स के मंच पर 400 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान

# स्टूडेंट्स देश का भविष्य, नेशन को बिल्ड करने में निभाएंगे अहम रोल - एडवोकेट बिक्रम सिद्धू










लुधियाना/यूटर्न/26 मई। यूटर्न टाइम अखबार और जनहितैषी न्यूज चैनल की और से सैकेंड हाई फ्लायर्स 2026 अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन गुरु नानक देव भवन किया गया। इस दौरान पंजाब बोर्ड, आईसीसी और सीबीएसई बोर्ड में टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। फंक्शन में शहर के अलग अलग स्कूलों को इनवाइट किया गया। इस दौरान 37 स्कूलों द्वारा अवॉर्ड फंक्शन में हिस्सा लिया गया। जिनके करीब 275 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। वहीं इसी के साथ 80 टीचर्स और 6 प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया। स्टूडेंट्स के पेरेंट्स भी इस अहम पल का हिस्सा बने। इस दौरान भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल उधम सिंह नगर, भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल किचलू नगर, भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल सेक्टर-39, भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल दुगरी, डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर, डीसीएम यंग एंटरन्प्योर स्कूल राजगुरु नगर, गुजरावालां गुरु नानक पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस, गुरु नानक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन के बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं शहर के सामाजिक और राजनीतिक आगूओं द्वारा भी समारोह में शिरकत की। भाजपा नेता एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि स्टूडेंट्स ही हमारे देश का भविषय है, जो कि एजुकेशन सेक्टर में अच्छा मुकाम हासिल करके देश को अच्छी तरह से बिल्ड करेगें। वहीं फंक्शन में शिरकत करने वालों में प्रमुख रुप से राज्यसभा मेंबर पंजाब सतनाम सिंह संधू, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, बीजेपी पंजाब के कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, बिक्रम सिंह सिद्धू, पंजाब लोक सेवा आयोग के मेंबर सुनील कपूर समेत अलग अलग पार्टियों के कई सीनियर लीडर शामिल हुए। वहीं इस दौरान रॉल्सन के चेयरमैन संजीव पाहवा, रॉल्सन के वाइस प्रेजिडेंट करणजीत सिंह, सॉलिटियर होम्स के एमडी जश्नप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह कुलार, अवतार सिंह भोगल, रिषी पाहवा, राहुल आहुजा, हिमांशु कवात्रा, केके गर्ग, मोंटीवेशनल स्पीकर अंजलि खुराना, अमन भाटिया, नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंद्र शर्मा, नवनीत जैरथ, वीके गोयल, बॉम्बे मैटल के सुनील विरमानी और गौरव विरमानी समेत उद्योग जगत के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

## चंडीगढ़ एयरपोर्ट : 1 जून से पुणे और बेंगलुरु के लिए नई उड़ानें

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल (एसबीएसआई) एयरपोर्ट, चंडीगढ़ की पुणे और बेंगलुरु के साथ कनेक्टिविटी और बेहतर होगी, क्योंकि 1 जून से गर्मियों के शेड्यूल में दो और सीधी उड़ानें जोड़ी जाएंगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस चंडीगढ़ और पुणे के बीच एक रोजाना उड़ान शुरू करने जा रही है, जो रइरकएयरपोर्ट से रात 12:45 बजे रवाना होगी और सुबह करीब 3:10 बजे पुणे पहुंचेगी। यह पुणे से सुबह 3:45 बजे रवाना होगी और रोजाना सुबह 6:05 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। गर्मियों के शेड्यूल के तहत, चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर आधी रात के बाद चलने वाली यह पहली उड़ान होगी। चंडीगढ़ और बेंगलुरु के बीच कनेक्टिविटी को भी और बेहतर बनाया गया है; एक नई उड़ान एसबीएसआई एयरपोर्ट से सुबह 6:40 बजे रवाना होगी और बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट टर्मिनल 2 पर सुबह 9:55 बजे पहुंचेगी। यह बेंगलुरु से रात 9:15 बजे रवाना होगी और रात 12:15 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।



### बुकिंग पहले ही हुई शुरू

अधिकारियों ने बताया कि इन नई उड़ानों के लिए बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। 1 जून से इस उड़ान के शुरू होने के बाद, यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चंडीगढ़ और बेंगलुरु के बीच पाँच नॉन-स्टॉप उड़ानें उपलब्ध होंगी। फिलहाल, चंडीगढ़-पुणे (रात 10:50 बजे से सुबह 1:10 बजे तक) और पुणे-चंडीगढ़ (सुबह 3 बजे से सुबह 5:20 बजे तक) के बीच एकमात्र उड़ान इंडिगो एयरलाइंस द्वारा संचालित की जाती है।

## हर गांव-शहर तक बस सेवा, निजी वाहनों पर ब्रेक: सीएम सैनी

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निजी वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए स्पष्ट कहा कि पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए हर गांव और शहर तक सरकारी बस सेवा पहुंचाना जरूरी है। हरियाणा विजन-2047 के तहत परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने निर्देश दिए कि बदली हुई जरूरतों के अनुसार नया रूट प्लान तैयार कर अधिक से अधिक क्षेत्रों को बस नेटवर्क से जोड़ा जाए। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले समय में कोई भी गांव बस सेवा से वंचित न रहे। सीएम ने कहा कि प्रदेश के लगभग 6500 गांवों में आबादी बढ़ी है, लेकिन बस सेवाएं उसी अनुपात में नहीं बढ़ीं। ऐसे में गांवों को आपस में जोड़ने के लिए सर्कुलर रूट तैयार किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को सीधा लाभ मिल सके।



### शहरों में फिर चलेंगी लोकल बसें

शहरी क्षेत्रों में लोकल बस सेवाओं को बढ़ाने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि अस्पताल, शिक्षण संस्थान और औद्योगिक क्षेत्रों तक सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए। गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत में कामगारों के लिए विशेष बसें और मेट्रो-बस स्टैंड तक मिनी बसें चलाई जाएं।

### बसों में रियल टाइम ट्रैकिंग व सुरक्षा इंतजाम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बसों में रेलवे की तर्ज पर रियल टाइम ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाए, जिससे यात्री मोबाइल ऐप के जरिए बस की लोकेशन जान सकें। साथ ही सभी बसों में CCTV और पैनिक बटन लगाने के भी निर्देश दिए गए।

### इलेक्ट्रिक बसों पर फोकस, बनेंगे नए बस स्टैंड

सीएम ने कहा कि भविष्य इलेक्ट्रिक बसों का है। अगले एक साल में 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनाए जाएंगे और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाएगा। बस स्टैंड पर ही चार्जिंग की सुविधा और सोलर सिस्टम लगाने पर भी जोर दिया गया।

### 20 लाख नए हैप्पी कार्ड और स्मार्ट सिस्टम

सरकार जल्द 20 लाख नए हैप्पी कार्ड जारी करेगी। वहीं, वाहन पासिंग प्रक्रिया को पूरी तरह ऑटोमेटिक बनाने और प्रतीक्षा समय घटाने के निर्देश भी दिए गए।

### प्रदूषण और पुराने वाहनों पर सख्ती

सीएम ने बताया कि राज्य में 26 व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर सक्रिय हैं। साथ ही बिना ढवउ वाले वाहनों की पहचान के लिए पेट्रोल पंपों पर नंबर प्लेट रीडिंग कैमरे लगाए जाएंगे और ऐसे वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा।

### एकीकृत कंट्रोल सेंटर से होगी निगरानी

बसों की निगरानी के लिए प्रदेश स्तर पर यूनिफाइड कमांड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा, जिससे पूरे सिस्टम पर नजर रखी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य बेहतर परिवहन सुविधा के साथ ऊर्जा बचत और प्रदूषण नियंत्रण सुनिश्चित करना है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

03 बुधवार, 27 मई 2026



पेज 06 विदेशी धरती बाली में गूंजा ध्रुव भक्ति का संदेश...

# कॉकरोच जनता पार्टी : पहले था मजाक अब बन रहा है राजनीतिक पार्टियों के लिए सर दर्द

## 2.29 करोड़ फॉलोअर्स ने सभी राजनीतिक दलों की रिकॉर्ड तोड़े

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। अभी कुछ दिन पहले कथित तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश की टिप्पणी के बाद गठित हुई कॉकरोच जनता पार्टी जिसे पहले मजाक समझ जा रहा था अब यही युवाओं के दर्द के साथ सभी की राजनीतिक दलों के लिए सर दर्द का कारण बनती जा रही है अब तक कॉकरोच जनता पार्टी के 2. 29 करोड़ फॉलोअर्स बन चुके हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी है इतने फॉलोवर्स किसी भी राजनीतिक दल के पास नहीं है

इसके अलावा दीपके कल पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने NEET पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। शनिवार सुबह 10 बजे तक ऑनलाइन पिटीशन में 5 लाख 68 हजार से ज्यादा लोग साइन कर चुके हैं। परंतु दुनिया के कुछ कैसे उदाहरण देखते हुए हर दल के राजनीतिक सदमे में आ गए हैं।




### कॉकरोच जनता पार्टी के सदस्य बनने के लिए योग्यताएं

16 मई को पर एक गूगल फॉर्म जारी हुआ। 'कॉकरोच जनता पार्टी' लिखी एक तस्वीर के साथ कैप्शन मे 'सभी कॉकरोचों के लिए एक नया प्लेटफॉर्म शुरू किया जा रहा है। अगर आप जॉइन करना चाहते हैं, तो लिंक पर क्लिक करें। जॉइन करने के लिए 4 जरूरी योग्यताएं बताई गईं- 'अनइम्प्लॉइड, लेजी, क्रॉनिकली ऑनलाइन, एबिलिटी टू रैंट प्रोफेशनली।' 16 मई को ही कॉकरोच जनता पार्टी का ऑफिशियल हैंडल- @CJP_2029, पार्टी की वेबसाइट cockroachjantaparty.org और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया। लोग लगातार CJP से जुड़ रहे हैं

## विश्व में पहले भी हो चुकी है ऐसी घटनायें

### 1. फाइव स्टार मूवमेंट, इटली

2005 में इटली के स्टैंडअप कॉमेडियन बेपे ग्रिलो ने एक ब्लॉग शुरू किया। 8 सितंबर 2007 को बेपे ने V-Day यानी 'Vaffanculo Day' का आयोजन किया। इटैलियन शब्द 'Vaffanculo' जिसका मतलब है- 'भाड़ में जाओ'। इस कैंपेन के समर्थन में इटली के लाखों युवा सड़कों पर उतर आए। इनकी मांग थी- 'सारे पुराने नेताओं को बाहर करो।' बेपे ग्रिलो ने इस कैंपेन को 'फाइव स्टार मूवमेंट' नाम से एक राजनीतिक पार्टी को गठित किया और 2014 में इसे पहले चुनाव में ही 21.16 % वोट हासिल हुए। फिर 2018 में पार्टी को 32.68% वोट मिले। इसी पार्टी से निकले नेता ज्यूसेपे कोंटे 2018 में इटली के प्रधानमंत्री बने।

### बीयर लवर्स पार्टी, पोलैंड

1989 कम्युनिस्ट शासन के खात्मे के बाद एक तरह का पॉलिटिकल वैक्यूम पनपा।1990 में पॉपुलर सटायरिस्ट और टीवी होस्ट जानुज रेविंस्की ने मजाक के तौर पर 'पोलिश बीयर लवर्स पार्टी' की घोषणा कर दी।उन्होंने कहा, 'हम वोदका की जगह बीयर पीने के कल्चर को बढ़ावा देंगे। 1991 में 'बीयर मग' के चुनाव निशान के साथ 'पोलिश बीयर लवर्स पार्टी' ने संसदीय चुनाव लड़ा। पार्टी को 16 सीटें मिली। जानुज रेविंस्की खुद सांसद बने।

### बेस्ट पार्टी, आइसलैंड

ग्लोबल मंदी के दौरान सन 2008 में आइसलैंड के सभी बड़े बैंक डूब गए थे। 2009 में पॉपुलर कॉमेडियन, एक्टर और म्यूजिशियन जों ग्नार ने 'बेस्ट पार्टी' बनाई।इनका चुनावी घोषणापत्र मजाकिया था। जैसे- 'हम स्विमिंग पूल में फ्री तौलिया देंगे, पोलर बियर को चिड़ियाघर में लाएंगे। एयरपोर्ट पर डिजनीलैंड बनाएंगे।'बेस्ट पार्टी ने 2010 में आइसलैंड की राजधानी रेक्याविक के लोकल बॉडी इलेक्शन मे बेस्ट पार्टी को सबसे ज्यादा 34.7% वोट मिले और 'जों ग्नार' मेयर बन गए।

चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होनें कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। CJI ने कहा, मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे है

**कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत का कहना है कि**

**कोई कहता है चिंगारी, कोई आंदोलन**

कॉकरोच जनता पार्टी के गठन होने के बाद कोई ऐसी चिंगारी बता रहा है तो कोई इसे आने वाला आंदोलन लोगों ने राजनेताओं और मंत्रियों से सवाल पूछने शुरू कर दिए हैं एक युवा ने अपने आप को कॉकरोच बताते हुए नितिन गडकरी से कई सवाल किए हैं उसने कहा कि 6 लाख की गाड़ी और 60 लाख की गाड़ी के लिए एक ही टोल क्यों ? कारों की कीमतों पर भारी भरकम टैक्स क्यों? पेट्रोल की बढ़ती कीमतों पर अंकुश ना लगा पाने के कारण कॉकरोच जनता पार्टी के सदस्यों ने इस सरकार की नाकामी बताया है उनका कहना है कि जब कोविड के दौरान विश्व भर में पेट्रोल के दाम कम हुए थे तो भारत में से कम क्यों नहीं किया गया? ऐसे सैकड़ो सवाल रोज सामने आ रहे हैं देखना है कि आने वाले समय में यह जन आंदोलन क्या रुखे सामने आएगा फिलहाल सभी पार्टियों के नेता आश्चर्य और शोक में डूबे हुए दिखाई दे रहे हैं।




## बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने मोहाली वार्ड नंबर 30 में संभाली मतदान की बागडोर





चंडीगढ़ /यूटर्न/26 मई। भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने मोहाली के वार्ड नंबर 30 में भाजपा उम्मीदवार एवं अपने मित्र सरदार जसमिंदर पाल सिंह की चुनावी बागडोर संभालते हुए पूरे चुनाव अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। मतदान दिवस पर नरेश अरोड़ा ने बूथ प्रबंधन, कार्यकताओं के समन्वय एवं क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व किया। वार्ड में भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। नरेश अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों एवं भाजपा की विकासवादी सोच को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वार्ड नंबर 30 में भाजपा उम्मीदवार सरदार जसमिंदर पाल सिंह को जनता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग देने वाले सभी कार्यकताओं, समर्थकों एवं मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया।

## केवली फाउंडेशन ने 70 मेधावी जैन विद्यार्थियों को किया सम्मानित




लुधियाना/यूटर्न/26 मई। केवली फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में जैन समाज के 70 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं और 10+2 की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया। समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल जैन नाहर, डॉ. दीपक जैन, शुभ जैन, राजन जैन सहित जैन समाज के कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है और ऐसे सम्मान कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने का उत्साह बढ़ा।

## पंचकूला में रक्तदान शिविर में दौरान 314 यूनिट रक्त एकत्रित, पंचकूला पुलिस की करीब 100 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया



पंचकूला/यूटर्न/26 मई। सामाजिक सरोकार और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा प्लॉट नंबर-9, सेक्टर-14 पंचकूला में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के सहयोग से एक महत्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में आमजन, पुलिस कर्मियों और सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस रक्तदान शिविर के दौरान कुल 314 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो समाजसेवा और जनसहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बना। खास बात यह रही कि पंचकूला पुलिस के करीब 100 कर्मचारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। शिविर में मौजूद चिकित्सा विशेषज्ञों और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की टीम ने रक्तदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## 24 घंटे के भीतर दबोचे गए दो मोबाइल स्नैचर, चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद



अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/26 मई। पंचकूला पुलिस ने सेक्टर-7 क्षेत्र में हुई मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार मनीमाजरा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर थाना सेक्टर-7 में 24 मई को भारतीय न्याय संहिता की धारा 304, 3(5) और 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सुबह अपने काम पर जा रहा था। जब वह सरकारी स्कूल सेक्टर-7 के सामने पहुंचा तो काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उसका मोबाइल फोन झपट लिया और फरार हो गए। शिकायत मिलते ही थाना सेक्टर-7 की टीम ने इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जांच शुरू की।

# सीएम सैनी का सख्त संदेश: तय समय में पूरी हों विकास परियोजनाएं

चंडीगढ़ /यूटर्न/26 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को 'प्रगति' समीक्षा बैठक में 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली राज्य की प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



उन्होंने कहा कि खासतौर पर स्वास्थ्य क्षेत्र की परियोजनाएं उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरी होनी चाहिए। फरीदाबाद, सोनीपत और करनाल में निमार्णाधीन मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल सहित अन्य स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष जताते हुए सीएम ने कार्यो में और तेजी लाने को कहा।

इसके साथ ही फरीदाबाद में बन रहे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई।

सरकार ने पानीपत शुगर मिल में 200 करोड़ रुपये की लागत से इथेनॉल प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी है, जिससे उद्योग और ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। वहीं, जींद में फायर ट्रेनिंग सेंटर और आधुनिक आपदा प्रबंधन उपकरणों की दिशा में भी कार्य तेज किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री ने जिला स्तर पर जॉब फेयर बढ़ाने और नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (NAPS) को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर महीने रोजगार सृजन के ठोस परिणाम नजर आने चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी।

# भीषण गर्मी में पंचकूला ट्रैफिक पुलिस की पहल, सेक्टर-4 थाने में लगाया छबील और प्रसाद भंडारा







अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/26 मई। भीषण गर्मी के बीच पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को सेक्टर-4 स्थित ट्रैफिक थाना परिसर में आमजन के लिए छबील और प्रसाद भंडारे का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के साथ-साथ सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडा शरबत और प्रसाद ग्रहण किया तथा ट्रैफिक police की इस पहल की सराहना की।

इस मौके पर एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह स्वयं लोगों को प्रसाद परोसते नजर आए। उनकी मौजूदगी और सेवा भाव ने आयोजन को विशेष बना दिया। वहीं सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिंद्र कुमार, सुरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक और अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने भी पूरे उत्साह के साथ आमजन की सेवा की। राहगीरों और वाहन चालकों ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस तरह के सामाजिक कार्यों से जनता के बीच विश्वास और जुड़ाव भी मजबूत होता है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पुलिस का कार्य सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना भी है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस हमेशा आमजन की सुरक्षा, सुविधा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे जनहित और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# सेक्टर-17 प्लाजा की बदहाली पर नगर निगम सख्त, कमिश्नर अमित कुमार ने किया औचक निरीक्षण; जल्द होगा बड़ा सौंदर्यीकरण अभियान

## टूटी फ्लोरिंग, बंद फाउंटेन और खराब लाइटिंग पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को समयबद्ध एक्शन प्लान बनाने के निर्देश



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। चंडीगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित और व्यस्त व्यावसायिक केंद्र सेक्टर-17 प्लाजा की बदहाल हालत अब नगर निगम के निशाने पर आ गई है। सोमवार को नगर निगम कमिश्नर Amit Kumar ने सेक्टर-17 प्लाजा मार्केट का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई, रखरखाव और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्लाजा में कई गंभीर खामियां सामने आई, जिस पर कमिश्नर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए पूरे क्षेत्र के व्यापक सौंदर्यीकरण और मरम्मत कार्य के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा, निगम के वरिष्ठ अधिकारी तथा चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा भी मौजूद रहे।

### सेक्टर-17 की हालत पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान प्लाजा की टूटी हुई ओपन-टू-स्काई फ्लोरिंग, लंबे समय से बंद पड़े फाउंटेन, खराब लैंडस्केपिंग, अपर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति सामने आई। कई स्थानों पर पैदल यात्रियों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि सेक्टर-17 प्लाजा सिर्फ एक मार्केट नहीं, बल्कि चंडीगढ़ की पहचान है। यहां रोजाना हजारों लोग खरीदारी, घूमने और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पहुंचते हैं। ऐसे में इसकी साफ-सफाई और सुंदरता बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### अब होगा व्यापक सौंदर्यीकरण

निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने संबंधित विभागों को पूरे सेक्टर-17 प्लाजा का विस्तृत सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार किया जाए, जिसके तहत टूटे फर्श की मरम्मत, फाउंटेन दोबारा चालू करने, हरियाली सुधारने, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था मजबूत करने और सार्वजनिक सुविधाओं को अपग्रेड करने का काम किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, नगर निगम सेक्टर-17 प्लाजा को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और इसे अधिक आकर्षक बनाने के लिए विशेष योजना पर काम कर रहा है। इसमें विजिटर सुविधा, बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण से जुड़े कई बड़े बदलाव शामिल हो सकते हैं।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05 बुधवार, 27 मई 2026



पेज 12 चंडीगढ़ में अतिक्रमण और गंदगी पर नगर निगम...

# 19 साल के निसर्ग अधिकारी का दावा, उन्होंने सीबीएसई के मार्किंग पोर्टल को हैक किया, बोर्ड को दी थी चेतावनी

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। ऐसे समय में जब लाखों सीबीएसई छात्र पहले से ही री-वैल्यूएशन पोर्टल के क्रैश होने, आंसर शीट के धुंधले होने की शिकायतों, बार-बार डेडलाइन बढ़ने और यहाँ तक कि गलत नंबर मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, बोर्ड के डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम की सुरक्षा को लेकर ऑनलाइन एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेक उद्यमी डीड़ी दास की एक पोस्ट ने सीबीएसई से जुड़े महीनों पुराने साइबर सुरक्षा खुलासे को सुर्खियों में ला दिया है। यह तब हुआ जब 19 साल के रिसर्चर निसर्ग अधिकारी ने दावा किया कि उन्हें बोर्ड के 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' पोर्टल में बड़ी कमियाँ मिली थीं और उन्होंने फरवरी में ही CERT-In को इसकी जानकारी दे दी थी। 22 मई को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित और एक्स पर शेयर की गई एक विस्तृत ब्लॉग पोस्ट में, निसर्ग ने दावा किया कि उन्हें फरवरी में सीबीएसई के 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) पोर्टल में कई गंभीर कमियाँ मिली थीं और उन्होंने CERT-In को इसकी सूचना दी थी। उनके अनुसार, कथित तौर पर उनमें से कई समस्याओं को महीनों तक ठीक नहीं किया गया।




## कक्षा 12 के छात्र ने सीबीएसई सिस्टम में कैसे सेंध लगाई?

निसर्ग का कहना है कि इस पूरे मामले की शुरूआत महज जिज्ञासा से हुई थी। उन्होंने लिखा, सीबीएसई ने ओएसएम सिस्टम शुरू किया और मैंने देखा कि पोर्टल का लिंक पूरी तरह से सार्वजनिक था। ओएसएम सिस्टम का इस्तेमाल बोर्ड परीक्षा की स्कैन की गई आंसर शीट के डिजिटल मूल्यांकन के लिए किया जाता है। कागजों की भौतिक रूप से जाँच करने के बजाय, मूल्यांकनकर्ता पोर्टल पर लॉग इन करते हैं और ऑनलाइन ही कॉपियों की जाँच करते हैं। निसर्ग के अनुसार, जब उन्होंने साइट खोली और उसके 'बैकएंड रिक्वेस्ट' की जाँच शुरू की, तो उन्हें एहसास हुआ कि समस्याएँ उनकी उम्मीद से कहीं ज्यादा बड़ी थीं। उन्होंने लिखा, ₹लॉगिन पेज पर तीन चीजें माँगी जाती हैं : एक यूजर क्ष्ळ, एक स्कूल कोड और एक पासवर्ड; इसके बाद डळढ डालने का चरण आता है।₹ ₹उस स्क्रीन में कुछ भी अजीब नहीं लग रहा था। दिक्कतें तब सामने आईं जब मैंने पेज देखना बंद किया और उसके पीछे का कोड देखना शुरू किया।

## बोर्ड ने नहीं की पुष्टि

यह मुद्दा तब और ज्यादा चर्चा में आया जब डीड़ी दास ने 26 मई को एक्स पर इसके बारे में पोस्ट किया। उन्होंने इसे पूरी तरह से शर्मनाक बताया और आरोप लगाया कि इन कमियों का फायदा उठाकर कोई भी किसी भी छात्र के नंबर देख सकता था और उन्हें बदल भी सकता था। यह खबर लिखे जाने तक, सीबीएसई ने न तो ब्लॉग पोस्ट में किए गए दावों की सार्वजनिक रूप से पुष्टि की है और न ही यह बताया है कि क्या वास्तव में किसी छात्र के नंबर बदले गए थे। लेकिन इन आरोपों पर इसलिए भी ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि ये सीबीएसई के हाल के वर्षों में नतीजों के बाद के सबसे ज्यादा उथल-पुथल भरे दौर में सामने आए हैं।

## मुझे अंदर जो मिला, वह बहुत भयानक था

मैंने ऑन-स्क्रीन मार्किंग पोर्टल खोला और HTTP रिक्वेस्ट्स और बाकी जो कुछ भी मुझे दिख रहा था, उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया,₹ उसने लिखा। उसके ब्लॉग के मुताबिक, वह प्लेटफॉर्म में जितना गहराई तक गया, कथित कमियाँ उतनी ही ज्यादा गंभीर होती गईं। सबसे बड़े दावों में से एक में उसने जिस चीज का ज़िक्र किया, वह एक हार्डकोडेड 'मास्टर पासवर्ड' था, जो कथित तौर पर वेबसाइट द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक पब्लिकली एक्सेसिबल JavaScript बंडल के अंदर खुलेआम पड़ा हुआ था। वह बंडल पब्लिकली सर्व किया जाता है। कोई भी उसे रिक्वेस्ट कर सकता है, चाहे वह लॉग-इन हो या न हो। इसलिए मैंने उसे 'pretty-print' किया और पढ़ना शुरू किया। मुझे अंदर जो मिला, वह बहुत भयानक था, उसने लिखा। निसर्ग के मुताबिक, वह पासवर्ड कथित तौर पर सीधे फ्रंटएंड कोड के अंदर ही दिख रहा था।

# चंडीगढ़ में 60 दिन तक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध, डीसी निशांत यादव ने जारी किए आदेश

अजीत झा

- 27 मई से लागू होंगे आदेश, तलवार, चाकू, लाठी, त्रिशूल समेत सभी घातक हथियारों पर रोक

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। चंडीगढ़ में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिला मजिस्ट्रेट निशांत कुमार यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए शहर में सभी प्रकार के हथियार लेकर चलने पर 60 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 27 मई 2026 की मध्यरात्रि से लागू होगा और 25 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगा।

## इन हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

जारी आदेश के अनुसार चंडीगढ़ में आग्नेयास्त्र, घातक हथियार, लाठी, भाला, बरछा, त्रिशूल, तलवार, छोटी तलवार, नकल्स, चाकू, कटार, लोहे की रॉड सहित अन्य हथियार सार्वजनिक स्थानों पर लेकर चलने पर रोक रहेगी। प्रशासन का कहना है कि असामाजिक तत्वों द्वारा हथियारों के दुरुपयोग, कानून-व्यवस्था बिगड़ने और सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। आदेश में कहा गया है कि हथियारों का प्रदर्शन आम लोगों में डर और दहशत का माहौल पैदा कर सकता है।

## पुलिस और लाइसेंसी हथियार धारकों को छूट

हालांकि आदेश में पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों और ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों को छूट दी गई है, बशर्ते वे यूनिफॉर्म में हों और उनके पास अधिकृत पहचान पत्र व अनुमति पत्र मौजूद हो। इसके अलावा वैध शस्त्र लाइसेंस धारकों और जिला मजिस्ट्रेट से लिखित अनुमति प्राप्त व्यक्तियों को भी छूट दी गई है।

## उल्लंघन करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आपात स्थिति को देखते हुए एकतरफा रूप से जारी किया गया है और इसकी सूचना सार्वजनिक नोटिस बोर्डों व स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी।

# हर सुबह की सुपर शुरूआत: कैलिफोर्निया एल्मोंड्स (बादाम) बेहतर सुबह के पोषण की शक्ति को बढ़ाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। सुबह पूरे दिन का मिजाज तय करती है, और सही रूटीन बनाने से किसी की भी जिंदगी में बहुत फर्क पड़ सकता है। सुबह की स्वस्थ आदतों के महत्व को दोहराते हुए, एल्मोंड्स बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने चंडीगढ़ के हयात रीजेंसी में एक दिलचस्प और ऊर्जा से भरपूर सेशन आयोजित किया। इस सेशन को ₹हर सुबह की सुपर शुरूआत: कैलिफोर्निया एल्मोंड्स के 24 पोषक तत्वों के साथ।₹

जानी-मानी और लोकप्रिय आरजे मेघा द्वारा संचालित इस सेशन में राष्ट्रीय एथलीट और दो बार की एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता हरमिलन बैंस, और पोषण व वेलनेस सलाहकार शीला कृष्णस्वामी ने सुबह की पौष्टिक आदतों के महत्व पर बातचीत की, और बताया कि कैसे कैलिफोर्निया एल्मोंड्स (बादाम) दिन की सही शुरूआत करने में एक सरल लेकिन शक्तिशाली भूमिका निभा सकते हैं।

इस चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि दिन की शुरूआत में हम जो चुनाव करते हैं, वे हमारे समग्र स्वास्थ्य को कैसे आकार दे सकते हैं। अपने निजी अनुभवों से सीखते हुए, पैनलिस्टों ने सरल और लगातार पोषण संबंधी आदतों की शक्ति के बारे में बात की—जिसमें रोजाना के आहार में कैलिफोर्निया बादाम को शामिल करना भी शामिल है। उन्होंने यह साबित किया कि स्वास्थ्य में सार्थक बदलाव लाने के लिए खानपान का जटिल होना जरूरी नहीं है—इसकी शुरूआत आपकी प्लेट में रखी किसी बहुत ही सरल चीज से भी हो सकती है।

इसी बात को आगे बढ़ाते हुए, यह चर्चा ऐसे समय में बहुत प्रासंगिक लगी जब शहरी भारत में सोच-समझकर खाने (माइंडफुल ईटींग) और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने के बारे में जागरूकता लगातार बढ़ रही है।



पैनलिस्टों ने चर्चा की कि कैसे आज की भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण लोग अक्सर नाश्ता छोड़ देते हैं या अस्वस्थकर और झटपट तैयार होने वाले विकल्पों पर निर्भर हो जाते हैं; ऐसे में सरल और टिकाऊ पोषण संबंधी आदतें पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैलिफोर्निया बादाम—जो प्रोटीन, स्वस्थ वसा, फाइबर, मैग्नीशियम और विटामिन ई सहित 24 पोषक तत्व प्रदान करते हैं—सुबह के आहार में एक आसान और बेहतरीन अतिरिक्त विकल्प कैसे बन सकते हैं। शीला कृष्णस्वामी ने कहा कि आजकल, अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण बहुत से लोग या तो नाश्ता छोड़ देते हैं, या फिर ऐसे सुविधाजनक लेकिन पोषण की दृष्टि से हल्के-फुल्के खानपान के विकल्पों पर निर्भर हो जाते हैं। यहीं पर, खान-पान की कुछ सरल आदतें एक सार्थक बदलाव ला सकती हैं। बादाम प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं; ये ऊर्जा, पेट भरे होने का एहसास और ऐसे पोषक तत्व प्रदान करते हैं जो हमारे समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। मैं अक्सर लोगों को सलाह देती हूं कि वे अपने रोजाना के संतुलित आहार में बादाम को जरूर शामिल करें, क्योंकि खान-पान से जुड़े छोटे-छोटे और लगातार किए गए स्वस्थ चुनाव, लंबे समय में हमारे स्वास्थ्य को बड़े फायदे पहुंचा सकते हैं।

इस सेशन में इस बात पर भी चर्चा की गई कि पोषण न केवल हमारे रोजमर्रा के स्वास्थ्य में, बल्कि एक सक्रिय और एक्टिव लाइफस्टाइल बनाए रखने, शरीर की रिकवरी (ठीक होने की प्रक्रिया), और फि टनेस से जुड़े लक्ष्यों को पाने में भी कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपनी ट्रेनिंग के सफर से मिली सीख शेयर करते हुए, हरमिलन बैंस ने दिन की शुरूआत संतुलित पोषण के साथ करने के महत्व के बारे में बात की। हरमिलन बैंस ने अपने जोशीले अंदाज में कहा कि-एथलीटों के लिए, मुश्किल ट्रेनिंग शेड्यूल के दौरान एनर्जी बनाए रखने और रिकवरी के लिए सही पोषण बहुत जरूरी है। कैलिफोर्निया बादाम सालों से मेरी सुबह की दिनचर्या का हिस्सा रहे हैं, क्योंकि वे सुविधाजनक, पौष्टिक हैं और व्यस्त जीवनशैली में आसानी से शामिल किए जा सकते हैं। वे प्रोटीन देते हैं और लंबे ट्रेनिंग सेशन के दौरान मुझे एनर्जेटिक रखने में मदद करते हैं, साथ ही मांसपेशियों की रिकवरी में भी सहायक होते हैं।

## Happy Birthday



Rajeev Banda

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### जागो युवाओं जागो।

जिसके हाथ में सुदर्शन चक्र था फिर भी जिसने शिशुपाल की 99 गलतियों को माफ कर दिया।
जो एक अक्षोनी नारायणी सेना के स्वामी थे पर फिर भी अपने दोस्त अर्जुन के रथ के सारथी बने।
कालिया नाग जो मृत्यु का दूसरा रूप था के सिर पर चढ़कर जो मस्ती भरा नृत्य कर सकते थे
जो सुदर्शन चक्र जैसे शस्त्र से सक्षम थे फिर भी जिनके होठों पर बस मुरली की मधुर तान रहती थी।
द्वारिकाधीश हो कर भी गरीब सुदामा से जिसकी दोस्ती की पहचान रहती थी।
ऐसे श्री कृष्ण के देश में हम रहते हैं।
जिस देश में राजा श्री राम ने अपनी सौतेली माँ के वचन की खातिर 14 साल बनवास ही नहीं काटे बल्कि एक आदर्श पुत्र, आदर्श पति, भाई, दोस्त, स्वामी यहाँ तक कि युद्ध में शत्रुता भी आदर्शता से निभाई है। ऐसे श्री राम से हम गौरवशाली हैं।
जिस देश में गुरू गोविंद सिंह जी ने सपरिवार बलिदान दे दिया पर धर्म की हानि नहीं होने दी। ऐसे मेरे देश के युवा अपने ही धर्म से विमुख हो रहे हैं और गंदे से गंदे आचरण कर रहे हैं, इन युवाओं को
क्या होता जा रहा है? क्यों इनमें छोटी छोटी उलझनों को भी सह पाने की हिम्मत नहीं बची?
क्यों यहाँ हर कोई एक दूसरे की जान का प्यारा हो गया है? जिस देश के संस्कारों को अब विदेशी भी सिर माथे पर लगाने लगे हैं उनसे हमारे युवा इतना क्यों कतराने लगे हैं?
जागों युवाओं जागो। खूब पढ़ो, आगे बढ़ो पर आगे बढ़ते बढ़ते अपनी संस्कृति से इतनी दूर मत जाओ कि वापिस लौटना ही मुश्किल हो जाए।

# विदेशी धरती बाली में गूंजा ध्रुव भक्ति का संदेश, श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। श्री भागवत सेवा परिवार की ओर से इंडोनेशिया के रमणीक द्वीप बाली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से सृष्टि रचना, भगवान वाराह अवतार, कपिल मुनि के ज्ञान तथा भक्त ध्रुव की तपस्या का भावपूर्ण वर्णन किया। देवी चित्रलेखा जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शन है। उन्होंने वाराह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान अपने भक्तों और सृष्टि की रक्षा के लिए हर युग में अवतार लेते हैं। वहीं कपिल















मुनि के उपदेशों में आत्मचिंतन, संयम और भक्ति को जीवन का आधार बताया गया। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए देवी जी ने कहा कि दृढ़ निश्चय और सच्ची श्रद्धा से असंभव लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। बालक ध्रुव की कठोर तपस्या और भगवान के प्रति समर्पण ने सभी श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। विदेशी भूमि पर भारतीय संस्कृति के रंग में रंगे श्रद्धालुओं ने कथा के दौरान भजन-कीर्तन में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि कथा का उद्देश्य विश्वभर में सनातन संस्कृति और श्रीमद्भागवत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Court शादी बचाने की कोशिश भी करती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

बहुत से लोग यह मान लेते हैं कि Divorce Petition फाइल होते ही अदालत का काम केवल तलाक देना होता है। लेकिन Family Courts का उद्देश्य केवल विवाह समाप्त करना नहीं, बल्कि जहां संभव हो वहां संबंध बचाने का प्रयास करना भी होता है।

Family Court में कई मामलों में शुरूआत में ही counseling या mediation की प्रक्रिया अपनाई जाती है। अदालत यह देखती है कि क्या पति-पत्नी के बीच गलतफहमियां या ऐसे विवाद हैं जिन्हें बातचीत से सुलझाया जा सकता है। विशेष रूप से Mutual Divorce और कुछ Contested Divorce मामलों में अदालत reconciliation (समझौता) का अवसर देती है। यदि अदालत को लगता है कि साथ रहने की संभावना अभी भी मौजूद है, तो वह पक्षों को counseling sessions या mediation centre भेज सकती है।

हालांकि, जहां cruelty, violence, या गंभीर आरोप हों और संबंध पूरी तरह टूट चुके हों, वहां अदालत जबरदस्ती समझौता कराने का प्रयास नहीं करती। Family Court का दृष्टिकोण सामान्य civil litigation से अलग होता है, क्योंकि यहां केवल कानूनी अधिकार ही नहीं, बल्कि पारिवारिक और भावनात्मक पहलू भी जुड़े होते हैं।

कई लोग mediation को समय की बबार्दी समझते हैं, जबकि कई मामलों में इसी प्रक्रिया से लंबा विवाद समाप्त हो जाता है।

निष्कर्ष: Family Court केवल Divorce देने का मंच नहीं है। जहां संभव हो, अदालत पहले संबंध सुधारने और विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास भी करती है।

# तीखी नोक जोक लड़ाई झगड़ा और खूनी झड़प के बीच संपन्न हुआ नगर परिषद चुनाव

## करीब 62.75 प्रतिशत मतदान दर्ज, कांग्रेसी नेता पर कथित हमले के मामले में राजनीतिक तनाव

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न26/मई। जगरांव नगर परिषद चुनाव 2026 के लिए मंगलवार को मतदान प्रक्रिया सुबह से ही उत्साहपूर्ण माहौल में शुरू हुई और दिन भर विभिन्न पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की अच्छी भीड़ देखने को मिली। डीपीआरओ (ढ्ढफ्ड) कार्यालय लुधियाना से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, जगरांव में कुल मतदान लगभग 62.75 प्रतिशत दर्ज किया गया।

शहर के 23 वार्डों में बनाए गए पोलिंग बूथों पर सुबह 8 बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। बुजुर्गों, महिलाओं और युवा मतदाताओं द्वारा बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई स्थानों पर उत्साहपूर्ण माहौल के साथ-साथ तकरार, नोकझोंक और गहमागहमी की खबरें भी सामने आई।

**कांग्रेसी नेता और विधायक के बीच विवाद:** तहसील रोड स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने पोलिंग बूथ के बाहर उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब एक निजी चैनल के पत्रकार सुखविंदर सिंह सुक्खी और हल्का विधायक सरबजीत कौर माणुके के बीच कथित तौर पर गहमागहमी हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इसके कुछ समय बाद कांग्रेसी नेता पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कथित हमला किए जाने की खबरें सामने आई। कांग्रेसी नेता सुखविंदर सिंह सुक्खी ने इस मामले में हल्का विधायक पर आरोप लगाया कि यह हमला कथित तौर पर उनके इशारे पर





करवाया गया है। दूसरी ओर, हल्का विधायक बीबी माणुके ने इन आरोपों को पूरी तरह से नकार दिया।

**विपक्ष की प्रतिक्रिया:** इस घटना के बाद कई कांग्रेसी नेता मौके पर पहुंचे और समर्थन में धरना दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु भी जगरांव पहुंचे और उन्होंने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

**अन्य वार्डों में विवाद और नोकझोंक...**इसके अलावा शहर के कई अन्य वार्डों में भी हल्की-फुल्की नोकझोंक और तकरार की सूचनाएं मिलती रहीं। वार्ड नंबर 15 के सर्वहितकारी स्कूल में बने पोलिंग बूथ पर भाजपा के एक पोलिंग एजेंट के पास मोबाइल फोन मिलने के बाद कुछ समय के लिए विवाद की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद विरोधी दलों द्वारा इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताई गई। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, उक्त मोबाइल फोन के जरिए वोटिंग से संबंधित जानकारी साझा किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि होनी अभी बाकी है और चुनाव अधिकारियों या पुलिस की ओर से किसी अंतिम कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। जब मोबाइल के साथ पकड़े गए सुधीर लूबा से पोलिंग स्टेशन के अंदर चोरी से फोन ले जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं तो खाने पीने का सामान मंगवाने के लिए फोन अपने पास रखा था।

**29 मई को आएंगे नतीजे...**भले ही जगरांव के मतदाताओं ने अपने वोट के जरिए 100 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर दिया है, लेकिन चुनाव नतीजे 29 मई को घोषित किए जाने हैं। उसके बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जगरांव की जनता ने किसी एक राजनीतिक दल के पक्ष में जनादेश दिया है या नए चेहरों पर अपना भरोसा जताया है।

विभिन्न पक्षों द्वारा संबंधित घटनाओं के बारे में अपने-अपने दावे किए गए हैं। इन मामलों की जांच और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी।

# विद्यार्थियों को केवल अंकों तक सीमित न रखें, सही करियर मार्गदर्शन भी जरूरी – गीतांजलि स्याल

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। लुधियाना में केवली फाऊंडेशन द्वारा मिनी गुरु नानक देव भवन में दी एक्सीलेंस अवार्ड्स एंड करियर पॉथवेज 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जैन समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर गीतांजलि सक्सैस अकैडमी की फाउंडर एवं करियर काउंसलर गीतांजलि स्याल ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय के विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिए पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ नई तकनीक, डिजिटल स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैनेजमेंट और प्रोफेशनल कोर्सेज में भी अपार संभावनाएं हैं। गीतांजलि स्याल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को केवल अंकों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनकी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुसार सही करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन देना बेहद आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालने और उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके लुधियाना मेयर इंद्रजीत कौर भी उपस्थित रही।




# ईमानदार सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर - रमेश जोशी

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। पंजाब प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश जोशी ने आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार के कार्यकाल में बढ़ते भ्रष्टाचार पर सवालिया निशान लगाए। जोशी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस सरकार ने खुद को ईमानदार सरकार बताकर सत्ता हासिल की थी। आज उसी के शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। सरकारी दफ्तरों में आम जनता के काम बिना रिश्वत के नहीं हो रहे। नगर निगम, तहसील कार्यालय, बिजली विभाग, परिवहन विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थानों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक अव्यवस्था से परेशान है, लेकिन सरकार केवल विज्ञापनों और झूठे दावों में व्यस्त है।



# लुधियाना में नागरिक जागरूकता अभियान को लेकर इम्पैक्ट मेकर्स राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से इम्पैक्ट मेकर्स राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन इनिशिएटर्स ऑफ चेंज के मुख्य कार्यालय में किया गया। इस विशेष सम्मेलन में शहर के 25 से अधिक प्रभावशाली समाजसेवियों, एनजीओ प्रमुखों, शिक्षाविदों, उद्योग प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस का संचालन इनिशिएटर्स ऑफ चेंज के चेयरमैन गौरवदीप सिंह द्वारा किया गया। चर्चा का मुख्य विषय शहर में बढ़ती गंदगी और ट्रैफिक प्रबंधन की समस्याओं के समाधान हेतु एक संयुक्त नागरिक आंदोलन शुरू करना रहा। इस राउंडटेबल में मनीत दीवान, लखमिंदर कौर छाबड़ा, जैस्मिन पावा, हरलीन कौर, शुभांगी सिंह, डॉ. एस. बी. पांधी, सतपाल सिंह, अशमीत ओबेरॉय, तरवीन कौर, सीनियर सिटिजन्स काउंसिल, रहरास सेवा सहित कई प्रमुख सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने शहर में बढ़ती कूड़ा फैलाने की समस्या, नागरिक जिम्मेदारी की कमी और ट्रैफिक अनुशासन में गिरावट पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान जागरूकता अभियान, जनभागीदारी कार्यक्रम, स्कूल और कॉलेज आधारित गतिविधियों तथा प्रशासन के साथ सहयोग बढ़ाने जैसे कई महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा की गई। गौरवदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शहर को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं बल्कि हर नागरिक, संस्था, उद्योग और युवा संगठन की है।




# समराला निकाय चुनाव में लुधियाना की लीडरशिप ने अहम भूमिका निभाई- एडवोकेट सौरभ कपूर



समराला के नगर कौंसिल चुनाव में भाजपा ने पहली बार सभी सीटों पर लड़ कर जबरदस्त भूमिका निभाई है। समराला के चुनाव प्रभारी भाजपा नेता एडवोकेट सौरभ कपूर के साथ साथ लुधियाना के चयनित कार्यकर्ताओं ने पिछले 15 दिनों से दिन रात कार्य कर कर समराला की स्थानीय टीम के साथ लगातार प्लानिंग कर प्रचार किया। सौरभ कपूर ने कहा कि चुनाव वाले दिन सभी बूथ पर भाजपा के प्रति वोटरों में विश्वास दिखा। इस प्रचार टीम में लुधियाना से परमिंदर सिंह पपु, मुकेश शर्मा, सचिन मौदगिल, सुनील कौचड और जतिंदर गोरियान मौजूद रहे।

# इनकम टैक्स विभाग के नव नियुक्त चीफ कमिश्नर जैन का स्वागत

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। इंडियन टैक्सेशन एडवोकेट्स एसोसिएशन के कार्यकारणी टीम ने नव नियुक्त इनकम टैक्स विभाग के नव नियुक्त चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। आयकर भवन, ऋषि नगर में एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट जतिंदर खुराना की अगुवाई में कार्यकारिणी सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान करदाताओं एवं टैक्स प्रोफेशनल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने इनकम टैक्स विभाग एवं टैक्सेशन एसोसिएशन के बीच बेहतर समन्वय, पारदर्शिता तथा करदाताओं को सुगम सेवाएं उपलब्ध करवाने पर बल दिया। एडवोकेट जतिंदर खुराना ने कहा कि विभाग एवं टैक्स प्रोफेशनल्स के बीच सकारात्मक संवाद से टैक्स प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। वहीं विभाग के चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग करदाताओं की समस्याओं के समाधान एवं टैक्स प्रोफेशनल्स के सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि सुकेश कुमार जैन भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। उन्होंने हाल ही में लुधियाना में मुख्य आयकर आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट, एल.एल.बी. और यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, यूके से इंटरनेशनल बिजनेस लॉज में एल.एल.एम. की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने बड़ौदा, सूरत, दिल्ली, भोपाल, कोलकाता और आगरा में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। अपने सेवाकाल के दौरान उन्हें सीबीडीटी के एफटी एंड टीआर डिविजन, डायरेक्टरेट ऑफ सिस्टम्स, इन्वेस्टिगेशन, सेंट्रल, इंटरनेशनल टैक्सेशन एवं ट्रांसफर प्राइसिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त है। इस अवसर पर एसोसिएशन की कार्यकारिणी टीम के एडवोकेट सीपी भारद्वाज, एडवोकेट दीपक चोपड़ा, एडवोकेट अनिल अरोड़ा, एडवोकेट मोहन लाल मैनी, एडवोकेट संजीव गर्ग, एडवोकेट गौरव सोनी, विवेक मैनी, एडवोकेट कर्म सिंह भी सदस्य उपस्थित रहे।



# छोटे से प्लांट से 1600 करोड़ तक का सफर: Bikramjit Bembi की सफलता की कहानी



ख्वाब हर कोई देखता है, लेकिन उन्हें हकीकत में बदलने के लिए जुनून, मेहनत और सही दिशा की जरूरत होती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है National Industries के Chairman Bikramjit Bembi की, जिन्होंने छोटे स्तर से शुरूआत कर आज ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनका सफर युवाओं के लिए एक मिसाल है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

**आपके इस सफर की शुरूआत कैसे हुई?**

मैंने अपने करियर की शुरूआत इंग्लैंड से की। शुरूआत में मेरा मन था कि पढ़ाई के बाद सीधे बिजनेस करूं, लेकिन परिवार में सभी लोग बेहद शिक्षित थे, जिससे मुझे भी आगे पढ़ने की प्रेरणा मिली। इसी वजह से मैं इंग्लैंड चला गया और वहां केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की।

वहां मैंने इलेक्ट्रोप्लेटिंग की नई तकनीक सीखी और कई बड़ी कंपनियों के साथ काम किया, जहां Christian Dior और Louis Vuitton जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर काम करने का मौका मिला। इससे मुझे इंटरनेशनल क्वालिटी और स्टैंडर्ड की समझ मिली।

**विदेश से लौटने के बाद आपने भारत में क्या शुरूआत की?**

इंग्लैंड में काम करने के बाद मेरा मन था कि मैं भारत में कुछ अपना करूं। 1975 के आसपास मैं भारत लौटा। शुरूआत में हालात आसान नहीं थे—न बिजली थी, न पानी। मैंने Avon Cycles में एक साल काम किया और भारतीय परिस्थितियों में काम करने का अनुभव लिया।

इसके बाद मैंने बहुत छोटे स्तर पर प्लेटिंग का काम शुरू किया। हमारी टेक्नोलॉजी दूसरों से बेहतर थी, इसलिए काम तेजी से बढ़ा। कुछ ही समय में हम मुनाफे में आ गए।

**आपके बिजनेस को असली पहचान कब मिली?**

जब हमने Atlas Cycles के साथ काम शुरू किया, तब हमारे बिजनेस को बड़ा बूस्ट मिला। उनके प्लांट्स में समस्या थी, जिसे हमने ठीक किया। इसके बाद उन्होंने हमें काम देना शुरू किया।

शुरूआत में हम 200-300 पीस रोज बनाते थे, लेकिन कुछ ही महीनों में यह संख्या 3000 तक पहुंच गई। इसके बाद हम Kinetic, Bajaj और अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों से जुड़ गए।

**आज आपकी कंपनी किन-किन बड़े ब्रांड्स के साथ काम कर रही है?**

आज हम Bajaj Auto, BMW, Hero MotoCorp, TVS, Harley Davidson, Maruti, Nissan, Volkswagen जैसे बड़े ब्रांड्स के साथ जुड़े हुए हैं।

**आपने विदेश में ही बसने का विकल्प क्यों नहीं चुना?**

मुझे इंग्लैंड में रहने के लिए ऑफर मिला था, यहां तक कि कंपनी मुझे स्पॉन्सर करने को तैयार थी। लेकिन मेरा सपना अपना बिजनेस करना था, इसलिए मैं भारत वापस आ गया। मुझे हमेशा लगा कि जो मैं भारत में कर सकता हूं, वह विदेश में संभव नहीं है।

**युवाओं के लिए आपका क्या संदेश है?**

जो युवा विदेश जा रहे हैं, वे अच्छी शिक्षा लेकर वापस भारत आएं। यहां अवसरों की कमी नहीं है। भारत में रहकर भी बेहतर भविष्य बनाया जा सकता है।

**इस सफर में कभी निराशा भी हुई?**

भगवान की कृपा से ऐसा कोई बड़ा पल नहीं आया। हालांकि कुछ मौके ऐसे थे जहां मेरे अनुभव का सही उपयोग नहीं हो पाया, लेकिन मैंने हमेशा आगे बढ़ना ही चुना।

**आज अपनी उपलब्धियों को देखकर कैसा महसूस होता है?**

बहुत खुशी होती है। आज हमारी कंपनी का टर्नओवर करीब 1600 करोड़ रुपये प्रति माह है और 10,000 से ज्यादा परिवार हम पर निर्भर हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हमने देश में रहकर यह सब हासिल किया।

Bikramjit Bembi की कहानी यह साबित करती है कि सफलता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन सही सोच, मेहनत और देश के प्रति समर्पण आपको ऊंचाइयों तक जरूर पहुंचाता है।

## मनीमाजरा में एनओसी और प्रॉपर्टी ट्रांसफर प्रक्रिया सरल करने की मांग, कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। मनीमाजरा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नगर निगम के सब ऑफिस में ज्वाइंट कमिश्नर बलबीर राज सिंह से मुलाकात कर प्रॉपर्टी ट्रांसफर, एनओसी और पानी-बिजली कनेक्शन से जुड़ी जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मेयर एवं चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरिंदर सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं कोऑपरेटिव बैंक के वाइस चेयरमैन सुरजीत सिंह ढिल्लों, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गाबा, प्रदेश सचिव केआर महाजन, आरपी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एसएस परवाना, शाम सिंह, राम प्रकाश चौधरी, हरीश कुमार और हरदीप सिंह ढिल्लों सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल रहे।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनीमाजरा के पुराने आबादी क्षेत्र के हजारों लोग एनओसी और प्रॉपर्टी ट्रांसफर की जटिल प्रक्रिया के कारण परेशान हैं। लोगों को बार-बार नगर निगम कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि पुराने आबादी क्षेत्र में रहने वाले कई परिवार दशकों से अपने मकानों में रह रहे हैं, लेकिन प्रॉपर्टी ट्रांसफर के समय आज भी लोगों से विभिन्न विभागों की एनओसी, पानी के बकाया, प्रॉपर्टी टैक्स रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज मांगे जाते हैं, जबकि संबंधित रिकॉर्ड पहले से नगर निगम के पास उपलब्ध होते हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि संपत्ति अचल होने के बावजूद हर ट्रांजैक्शन पर दोबारा वही रिपोर्ट मांगना जनता को अनावश्यक रूप से परेशान करना है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर और एनओसी प्रक्रिया के लिए आवश्यक दस्तावेजों और समय सीमा को लेकर भी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि प्रॉपर्टी ट्रांसफर की पूरी प्रक्रिया को तय प्रोफार्मा और मानक प्रक्रिया के तहत किया जाए तथा अधिकतम 15 दिनों के भीतर मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

## जालंधर बायपास इलाके में 3.5 एकड़ की मंजूरी लेकर 7 एकड़ में कॉलोनी काटने का स्कैम!

लुधियाना/यूटर्न/26 मई। जालंधर बायपास क्षेत्र में विकसित की जा रही एक इंडस्ट्रियल कॉलोनी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि नगर निगम से केवल 3.5 एकड़ भूमि की मंजूरी ली गई, जबकि मौके पर करीब 7 एकड़ क्षेत्र में कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की जा रही है। मामले के सामने आने के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली और कॉलोनी पासिंग प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार कॉलोनी का नक्शा नगर निगम में 3.5 एकड़ जमीन दर्शाकर पास करवाया गया था। लेकिन बाजार में जो कॉलोनी नक्शा बेचा गया उसमें लगभग 7 एकड़ क्षेत्र शामिल होने की बात सामने आई। आरोप है कि अतिरिक्त जमीन को भी प्लॉटिंग में शामिल कर बेचने की तैयारी की जा रही थी।

मामले की चर्चा उस समय तेज



हुई जब कॉलोनी क्षेत्र में तेजी से सीवरेज और विकास कार्य शुरू हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर वास्तविक जमीन और निगम रिकॉर्ड में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है। इसके बाद पूरे मामले की जांच की मांग उठने लगी। सूत्रों के मुताबिक कॉलोनी पास करवाने में कुछ अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि बेहद कम समय में कॉलोनी का नक्शा मंजूर किया गया। साथ ही जमीन की रजिस्ट्रियों और उपयोग संबंधी दस्तावेजों में भी कथित गड़बड़ियों की बात सामने आ रही है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एमटीपी विभाग के अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि कॉलोनी की मौके पर जांच करवाई जाएगी। यदि विकास कार्य मंजूर नक्शे से अधिक क्षेत्र में पाया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब निकाय चुनाव में 61.5% वोटिंग, कई जगह हिंसक झड़प, पुलिस-भीड़ के बीच पथराव, लाठीचार्ज, कैंडिडेट के हाथ-पैर तोड़े

पंजाब/यूटर्न/26 मई। मंगलवार को पंजाब में 8 नगर निगमों, 75 नगर कौंसिल और 20 नगर पंचायतों के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई। सुबह 8 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 5 बजे तक चली। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक 5 बजे तक 61.5% वोटिंग हुई। हालांकि अभी आंकड़े में बदलाव हो सकता है। वोटिंग ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हुई। अब 29 मई को रिजल्ट आएंगे। वोटिंग के दौरान कई जगह हिंसक झड़पें हुईं। पटियाला के समाना में पुलिस-भीड़ में पथराव हो गया। पुलिस ने भी भीड़ पर पत्थर मारकर लाठीचार्ज किया। हवाई फायरिंग की भी खबर है। इस दौरान एक युवक को करंट भी लग गया। लुधियाना के रायकोट में कांग्रेस कैंडिडेट के हाथ-पैर तोड़ दिए गए। बठिंडा में हवाई फायरिंग की गई। लुधियाना में आप विधायक सर्वजीत कौर माणुके से बहस करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर हमला हुआ। खन्ना, बरनाला और संगरूर से भी टकराव सामने आया। डिफेंडर में चलने वाले पंजाब कांग्रेस के प्रधान व सांसद अमरिंदर राजा वड़िंग पत्नी अमृता वड़िंग के साथ बैलगाड़ी पर वोट डालने पहुंचे। इसके जरिए उन्होंने पेट्रोल-डीजल के बढ़े रेट का विरोध किया। इसी बीच संगरूर में पुलिस ने सीएम भगवंत मान के पूर्व ओएसडी ओंकार सिंह बराड़ को हिरासत में लेने पर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू और पुलिस में बहस हुई।



रायकोट में कांग्रेस कैंडिडेट जग्गा सिंह गंभीर जख्मी



सांसद राजा वडिंग अपनी पत्नी संग बैलगाड़ी पर वोट डालने पहुंचे



मतदान के लिए लाइनों में खड़े लोग

## बाहरी नंबरी कार हिरासत में ली

वोटिंग के दौरान अबोहर में एनएसयूआई की नेमप्लेट वाली एचआर नंबर गाड़ी में घूमते 4 युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। फरीदकोट में आप विधायक गुरदित्त सेखों ने आरोप लगाया कि भाजपा वोटरों को लाने के लिए आर्मी की स्कूल बस का इस्तेमाल कर रही है। इसको लेकर वहां हंगामा हुआ। चुनाव को लेकर पूरी सख्ती बरती गई है।

## रायकोट में कांग्रेस उम्मीदवार पर हमला

रायकोट में नगर कौंसिल चुनाव के बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि आप विधायक हाकम ठेकेदार के समर्थकों ने वार्ड नंबर-4 से कांग्रेस उम्मीदवार जगदेव सिंह जग्गा पर जानलेवा हमला किया। हमले में गंभीर रूप से घायल जग्गा को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर लुधियाना के डीएमसी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## खन्ना में आप-कांग्रेस समर्थकों में बहस

खन्ना में नगर कौंसिल चुनाव के वार्ड नंबर 15 में मतदान शुरू होते ही कांग्रेस और आप के समर्थकों के बीच तीखी बहस हुई। वोटिंग शुरू होते ही समर्थक भिड़ने लगे। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत रहने की सख्त हिदायत दी, ताकि मतदान प्रक्रिया बाधित न हो।

## बिट्टू और पुलिस के बीच धक्का मुक्की

इसी बीच संगरूर में पुलिस ने सीएम भगवंत मान के पूर्व ओएसडी ओंकार सिंह बराड़ को हिरासत में ले लिया। इस संबंधी सूचना मिलते ही केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू धूरी पहुंच गए। जिन्हें पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। जिसके बाद पुलिस और बिट्टू के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने सड़क के बीच ही ट्रक लगाकर आवाजाई रोक दी। करीब दो घंटे यह विवाद चलने के बाद पुलिस द्वारा ओंकार सिंह को रिहा कर दिया गया।



## पटियाला में पुलिस ने लाठीचार्ज किया

पटियाला के समाना में कई वार्डों में झड़पें हुईं। वार्ड नंबर 15 में बूथ कैप्चरिंग के आरोपों के बाद पथराव और लाठीचार्ज भी हुआ। इस दौरान आम आदमी पार्टी और विरोधी दलों के समर्थक आपस में भिड़ गए। पुलिस पर भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मतदान प्रक्रिया कुछ देर के लिए बाधित हुई।

## मजीठा में मजीठिया की एसएसपी से बहस



अमृतसर के मजीठा में अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया और देहात के एसएसपी सुहैल कासिम मीर के बीच तीखी बहस हो गई। मजीठिया ने कहा कि आप के समर्थकों ने पुलिस की मौजूदगी में एक सिख नौजवान की पगड़ी जबरदस्ती उतार दी। उसका सिर फाड़ दिया गया। मजीठा में अब कानून का राज नहीं, बल्कि भगवंत मान के संरक्षण वाले गुंडों का राज चल रहा है। अफसर आप के इशारों पर नाचने वाली एक कठपुतली की तरह नजर आते हैं।

# चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड मकानों में बदलावों की होगी समीक्षा, सीईओ डी. कार्तिकेयन ने विभिन्न सेक्टरों का किया दौरा

## संरचनात्मक सुरक्षा और नियोजन मानकों के आधार पर तय होंगे 'नीड बेस्ड चेंज', आरडब्लूए ने प्रशासन की पहल की सराहना की

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की आवासीय इकाइयों में किए गए आवश्यकता आधारित परिवर्तनों की समीक्षा प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डी करतीकेयां ने शहर के विभिन्न सेक्टरों का दौरा कर सीएचबी मकानों में आवंटियों द्वारा किए गए बदलावों का निरीक्षण किया।

यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के निर्देशों के बाद गठित समिति के तहत की जा रही है। 11 मई 2026 को बनाई गई इस समिति का उद्देश्य चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड आवासीय इकाइयों में किए गए परिवर्तनों की जांच कर अनुमेय बदलावों की सिफारिश करना है।

### कई सेक्टरों में किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान सीईओ डी. कार्तिकेयन के साथ यूटी चंडीगढ़ के मुख्य वास्तुकार राजीव मेहता , वरिष्ठ नगर योजनाकार मनदीप मेहँदीरेत्ता तथा चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की वास्तुकार नलिनी शर्मा भी मौजूद रहीं।

टीम ने सेक्टर-40C, सेक्टर-43A, सेक्टर-43B और सेक्टर-38 वेस्ट सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र आवासीय इकाइयों का दौरा कर वहां किए गए निर्माण और बदलावों की समीक्षा की।




### सुरक्षा और प्लानिंग मानकों पर रहेगा फोकस

अधिकारियों के अनुसार समिति को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह आवंटियों द्वारा किए गए संशोधनों का आकलन करे और ऐसे बदलावों की पहचान करे जिन्हें अनुमति दी जा सकती है। हालांकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी बदलाव से भवन की संरचनात्मक मजबूती, अग्नि सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, वेंटिलेशन और अन्य जरूरी शहरी नियोजन मानकों पर असर न पड़े।

### RWAs ने रखीं समस्याएं और सुझाव

निरीक्षण के बाद सेक्टर-40C, 40D, 41A, 43A, 43B, 47D और सेक्टर-13 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने उत्क्ष मकानों में आवश्यकता आधारित परिवर्तनों को लेकर अपने सुझाव और मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं।

इसके अलावा चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड से जुड़े अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। आरडब्लूए के प्रतिनिधियों ने इस विषय पर समिति गठित करने और निवासियों की समस्याओं को सुनने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की पहल की सराहना की।

बैठक में सौरभ कुमार अरोड़ा, हितेश पुरी , रजत मल्होत्रा सहित विभिन्न आरडब्लूए और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

Uturn Time 27 May 2026_Layout 2 27-05-2026 00:26 Page 10



# डीसी निशांत कुमार यादव ने शव वाहन को दिखाई हरी झंडी, रेड क्रॉस सोसायटी को मिली नई फ्यूनरल वैन

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। उपायुक्त एवं चंडीगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को सेक्टर-17 स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर से नई खरीदी गई शव वाहन (फ्यूनरल वैन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



यह शव वाहन चंडीगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी को रोटरी क्लब चंडीगढ़ मिडटाउन और गुरुकुल ग्लोबल स्कूल द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव अमनदीप सिंह भट्टी, नोडल अधिकारी पूनम मलिक, नीना सेतिया (प्रबंध निदेशक, गुरुकुल ग्लोबल स्कूल), रीटा कालरा (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), जगविंदर सिंह बावा (अध्यक्ष) और कुलविंदर एस. छटवाल (सचिव, रोटरी क्लब चंडीगढ़ मिडटाउन) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

नई शामिल की गई यह शव वाहन चंडीगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा शहर में दी जा रही आपातकालीन और मानवीय सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाएगी। इसका उपयोग चिकित्सा आपात स्थितियों और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए किया जाएगा।

इस मौके पर निशांत कुमार यादव ने कहा कि यह वाहन जरूरत के समय लोगों की सेवा में हमेशा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी और सामुदायिक कल्याण से जुड़े प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने मानव सेवा में चंडीगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी की भूमिका की सराहना करते हुए रोटरी क्लब चंडीगढ़ मिडटाउन के लंबे समय से मिल रहे सहयोग और सहभागिता की भी प्रशंसा की।

# सोशल मीडिया पर शराब प्रमोशन पर सख्त हुआ प्रशासन, नियम तोड़ने वालों का लाइसेंस होगा रद्द: डीसी निशांत यादव

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। चंडीगढ़ के सभी शराब लाइसेंसधारकों की बैठक सोमवार को उपायुक्त-सह-आबकारी आयुक्त निशांत कुमार यादव, आईएएस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आबकारी नीति के पालन की समीक्षा की गई और सोशल मीडिया पर सामने आए हालिया उल्लंघनों पर चर्चा हुई।




बैठक के दौरान डीसी निशांत यादव ने सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक रील का गंभीर संज्ञान लिया, जिसमें एक शराब विक्रेता ब्रांड प्रमोशन के नाम पर मुफ्त में शराब परोसता दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है और कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने स्पष्ट कहा कि आबकारी नीति के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी लाइसेंसधारकों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वालों का लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की अलॉटमेंट और लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं से ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है।

बैठक में शराब के निर्धारित न्यूनतम विक्रय मूल्य का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन ने कहा कि अधिसूचित मूल्य से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर आबकारी नीति के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी। डीसी ने बताया कि निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आबकारी विभाग ने रियल-टाइम स्टॉक अपडेटेशन सिस्टम शुरू किया है। सभी लाइसेंसधारकों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित प्लेटफॉर्म पर अपने शराब स्टॉक की समय पर और सही जानकारी अपडेट करें। बैठक के अंत में निशांत कुमार यादव ने कहा कि शराब कारोबार में स्वस्थ और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा जरूरी है, लेकिन जनहित और नियामकीय अनुशासन के खिलाफ किसी भी गतिविधि पर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा।

## 15 जून से घर-घर पहुंचेगी चुनाव विभाग की टीम, चंडीगढ़ में शुरू होगा एसआईआर-2026 अभियान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त यूटी चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि एसआईआर-2026 के तहत प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। चंडीगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की वर्तमान मैपिंग



72.29 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। डीसी ने जानकारी दी कि बूथ लेवल अधिकारी 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और मौजूदा मतदाताओं से ऐनुमैरेशन फॉर्म्स एकत्र करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मौजूदा मतदाता के लिए ऐनुमैरेशन फॉर्म भरना अनिवार्य होगा।

यह फॉर्म संबंधित बीएलओ से प्राप्त किया जा सकता है या फिर मतदाता पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि बीएलओ फॉर्म की एक प्रति प्राप्त कर दूसरी प्रति पर हस्ताक्षर करके रसीद के रूप में मतदाता को वापस देंगे, जिसे रिकॉर्ड के लिए सुरक्षित रखना होगा। जरूरत पड़ने पर सहायक दस्तावेज भी जमा किए जा सकेंगे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से रह गया है, तो वह 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे और आपत्तियों की अवधि के दौरान प्रपत्र संख्या-6 के माध्यम से नया पंजीकरण करवा सकता है। वहीं, विवरण में संशोधन के लिए प्रपत्र संख्या-8 जमा किया जा सकेगा।

## डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को 16वीं बार मिली पैरोल, सिरसा डेरा में रहेंगे



चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम, जो अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहे हैं, मंगलवार को यहां सुनारिया गांव की ज़िला जेल से 30 दिन की पैरोल मिलने के बाद बाहर आए। अगस्त 2017 से अब तक यह 16वीं बार है जब पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाए जाने के बाद राम रहीम को पैरोल या फरलो पर रिहा किया गया है। वह सुबह करीब 6:35 बजे कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक एसयूवी में जेल परिसर से बाहर आए। इस साल की शुरूआत में, जनवरी में राम रहीम को 40 दिन की पैरोल दी गई थी। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद 20 साल की सजा काट रहे हैं।

## मोबाइल और पर्स लूटने की कोशिश करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता



चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूटपाट की कोशिश करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और एक्टिवा भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभय उर्फ अबू निवासी सेक्टर-41डी, अभिषेक निवासी सेक्टर-41डी और अशोक उर्फ निखिल निवासी गांव बडहेड़ी, सेक्टर-41, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों की उम्र 21 से 23 वर्ष के बीच बताई गई है।

### सुबह साइकिल से जा रहे व्यक्ति को बनाया निशाना

पुलिस के अनुसार यह मामला थाना सेक्टर-39 में दर्ज FIR नंबर 91 दिनांक 25 मई 2026 के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता कुलदीप चंद भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि वह रविवार सुबह करीब 5:40 बजे साइकिल पर गौशाला फेज-1 मोहाली जा रहे थे। जब वह सेक्टर-55 स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास पहुंचे तो पीछे से एक्टिवा पर सवार तीन युवक आए और चाकू दिखाकर उनका मोबाइल फोन और पर्स लूटने की कोशिश की। हालांकि शिकायतकर्ता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### 24 घंटे में पुलिस ने दबोचे आरोपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक Sumer प्रताप सिंह के निर्देशों और सिटी एसपी केएम प्रियंका तथा एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में सेक्टर-39 थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को 26 मई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और एक्टिवा नंबर CH-01-CS-8947 बरामद कर ली है।

Uturn Time 27 May 2026_Layout 2 27-05-2026 00:26 Page 11



# आईएसआई एजेंट सहित 3 अरेस्ट, सीसीटीवी से पाकिस्तान सूचनाएं भेजी, एक मुख्य आरोपी का भाई

पठानकोट/यूटर्न/26 मई। भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों की गोपनीय जानकारी सीसीटीवी के जरिए साझा करने के मामले में पठानकोट पुलिस ने 3 और आरोपियों को रविवार देर रात गुरदासपुर से अरेस्ट किया है। इनमें से एक पहले से गिरफ्तार मुख्य आरोपी बलजीत सिंह उर्फ बीतू का सगा भाई हरदीप सिंह है। यह सभी देश विरोधी ताकतों और पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में थे, जिसने आरोपी का मोबाइल छिपाया था और पुलिस से बचाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। इसके अलावा 2 अन्य आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जोकि, गुरदासपुर के रहने वाले हैं। बता दें कि इस मामले में अब तक 5 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। एक फरार है और 2 पहले से जेल में बंद हैं।



### कैसे हुआ देश-विरोधी नेटवर्क का खुलासा ?

सुरक्षा एजेंसियों और सुजानपुर पुलिस को पुख्ता खुफिया इनपुट मिले थे कि पठानकोट क्षेत्र में देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा को सीधे तौर पर खतरे में डालने वाली कुछ राष्ट्र-विरोधी गतिविधियां सक्रिय हैं। इनपुट्स के आधार पर सुजानपुर पुलिस स्टेशन में 21 मई को मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और देश के सबसे सख्त कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### सीसीटीवी से पाकिस्तान भेज रहे थे खुफिया जानकारी

पंजाब की पठानकोट पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने एक संयुक्त और त्वरित कार्रवाई करते हुए सीमा पार बैठी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के एक बहुत बड़े हाई-टेक जासूसी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। इस पूरे मामले में पुलिस अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह नेटवर्क राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सुजानपुर के पास बाकायदा सीसीटीवी कैमरे लगाकर भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों की लाइव मूवमेंट सीधे पाकिस्तान भेज रहा था।

# बीजेपी नेता तरुण चुघ से मिले हनी सिंह, युवाओं को नशे से बचाने पर चर्चा

पंजाब/यूटर्न/26 मई। प्रसिद्ध गायक यो यो हनी सिंह ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंजाब में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में शामिल होने की घोषणा की। इस दौरान दोनों के बीच पंजाब में बढ़ते नशे, विशेषकर 'चिट्टे' के खतरे और युवाओं को इससे बचाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। तरुण चुघ ने कहा कि पंजाब गुरुओं, पीरों-पैगंबरों और पांच दरियाओं की पवित्र भूमि है, लेकिन आज नशे



का जहर हजारों परिवारों और युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने 'चिट्टे' के फैलाव को सुनामी जैसा बताया और कहा कि इसे रोकने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें

उन्होंने हनी सिंह से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी आवाज और प्रभाव के जरिए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। चुघ ने कहा कि हनी सिंह का जीवन एक मिसाल है, जिन्होंने कठिन दौर के बाद वैश्विक पहचान हासिल की और मजबूत वापसी की।

# आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार समय की आवश्यकता और जरूरत : डिप्टी मेयर सुमन शर्मा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला द्वारा प्रयोग फाउंडेशन के सौजन्य से मनीमाजरा स्थित गुरु रविदास गुरुद्वारा में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चंडीगढ़ नगर निगम की डिप्टी मेयर सुमन अमित शर्मा ने किया, उनके साथ जोगिंदर जी जगतार जी चंचल जी हरिकेश वर्मा जी मनीमाजरा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एस एस परवाना जी वार्ड नंबर 6 के मंडल अध्यक्ष राजीव जी श्रीकांत जी गाबा जी श्रवण जी उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि हरियाणा



नर्सिंग आफिसर वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विनीता बांगड़ और मुख्य चिकित्सक के तौर पर डॉ. रितेश मौजूद रहीं। शिविर अध्यक्षता प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। कैंप में पहुंचने पर मुख्यातिथि डिप्टी मेयर सुमन शर्मा का डॉ. अनुराग कुशल, डॉ. मानसी ग्रेवाल और डॉ. रितेश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

# हल्लोमाजरा में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1162 शराब की बोतलें और गांजा बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। चंडीगढ़ आबकारी एवं कराधान विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हल्लोमाजरा क्षेत्र में अवैध शराब और गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई माननीय ईटीसी चंडीगढ़ Nishant Kumar Yadav के मार्गदर्शन एवं निगरानी में की गई।

जानकारी के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सोमवार को ईटीओ रमणजीत सिंह और ईटीआई शवीन जैन की टीम ने हल्लोमाजरा लाइट्स के पास छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 1162 शराब की बोतलें और बीयर कैन बरामद किए गए। जब्त की गई शराब में रॉयल स्टैग, रॉयल जनरल, इम्पीरियल ब्लू, टैंगो संत्रा, जमीला संत्रा, आइकॉनिक व्हाइट, ऑल सीजन्स और किंगफिशर बीयर कैन शामिल हैं।

छापेमारी के दौरान मौके से 57 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। विभाग की ओर से मामले में शामिल अन्य लोगों और नेटवर्क की जांच की जा रही है।

इस संबंध में थाना सेक्टर-31 में पंजाब आबकारी अधिनियम की धारा 61/1/14, बीएनएस की धारा 111 और एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# भारतीय संस्कृति अनादि और कालजयी है - अविनाश राय खन्ना

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/26 मई। शिवालिक पर्वत माला के आंचल में स्थित मां कामाक्षी दरबार कमाही देवी में धार्मिक अनुष्ठान में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अविनाश राय खन्ना और भाजपा दसूहा विधानसभा चुनाव क्षेत्र इंचार्ज रघुनाथ राणा विशेष तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर तपोमूर्ति महंत राज गिरि जी महाराज ने अविनाश राय खन्ना को सम्मानित किया। उपस्थिति को संबोधित करते हुए खन्ना ने कहा कि जब इस सृष्टि में पहला सूर्योदय हुआ होगा, और सृष्टि पर पहली किरण ने अपना आलोक फैलाया तभी से सनातन धर्म और हमारी कालजयी संस्कृति अस्तित्व में आई। खन्ना ने कहा सनातन का अर्थ है जो शाश्वत है जो सत्य है जो कभी नष्ट न हो।

# ग्लैमरस लुक में छाई एक्ट्रेस, फैंस बोले-पिंक में परफेक्ट




एक्ट्रेस का ये पिंक ड्रेस वाला स्टाइल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सिंपल मेकअप और कॉन्फिडेंट स्माइल ने उनके लुक को और भी खास बना दिया। इवेंट में उनकी एंट्री ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फैंस उनके इस एलिगेंट और क्लासी अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने साबित कर दिया कि स्टाइल और ग्रेस में उनका कोई जवाब नहीं।

Uturn Time 27 May 2026_Layout 2 27-05-2026 00:26 Page 12



# चंडीगढ़ में अतिक्रमण और गंदगी पर नगर निगम का बड़ा एक्शन, शहरभर में चलेगा सख्त अभियान

## जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश, अवैध कब्जों और नियम उल्लंघन पर तुरंत चालान करने के आदेश

अजीत झा.

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। शहर में बढ़ते अतिक्रमण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े उल्लंघनों पर सख्ती बढ़ाते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता ने निगम अधिकारियों की अहम बैठक लेकर शहरभर में अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी सब डिविजनल इंजीनियर , जूनियर इंजीनियर , प्रवर्तन निरीक्षक, सैनिटरी इंस्पेक्टर और हेल्थ सुपरवाइजर मौजूद रहे। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जों, अनधिकृत रेहड़ी-फड़ी, कूड़ा फेंकने और अन्य नागरिक उल्लंघनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए।

### बाजारों और रिहायशी इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता ने अधिकारियों से कहा कि शहर के बाजारों, रिहायशी इलाकों और संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण अभियान चलाए जाएं। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्रवाई को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखना बेहद जरूरी है, ताकि पैदल चलने वालों को सुविधा मिल सके, सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रहे और शहर में शहरी अनुशासन कायम रखा जा सके।



### नियम तोड़ने वालों पर तुरंत होगी कार्रवाई

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत चालान जारी किए जाएं और प्रवर्तन अभियान लगातार एवं प्रभावी तरीके से चलाए जाएं। नगर निगम का कहना है कि आने वाले दिनों में शहरभर में विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम अधिकारियों के मुताबिक इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को व्यवस्थित रखना और ह्लसिटी ब्यूटीफुलह्व की छवि को और मजबूत करना है।

# गांव इटावा में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू, 36 कैमरों से बढ़ेगी सुरक्षा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मई। गांव इटावा के निवासियों के लिए यह खुशी और हर्ष का विषय है कि गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू हो गया है। स्टेडियम रोड पर चिंतपूर्णी हार्डवेयर के पास चार कैमरे स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा गुरुद्वारा साहिब के नजदीक चार कैमरे तथा बत्रा किरयाना स्टोर के पास भी चार कैमरे लगाए जा चुके हैं। गांव इटावा में कुल 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं, जिनका कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। इन कैमरों के स्थापित होने से गांव की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।




इस अवसर पर गांववासियों ने माननीय सांसद मनीष तिवारी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी सांसद निधि (एमपी फंड) से गांव इटावा के लिए सीसीटीवी कैमरों की सुविधा उपलब्ध करवाई है। गांववासियों ने कहा कि सांसद द्वारा गांव को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। आज गुरुद्वारा साहिब की ओर से जसबीर सिंह जस्सी, जगतार सिंह मादरे और जगतार सिंह पप्पू ने कैमरे लगाए जा रहे विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार ने आश्वासन दिया कि उच्च गुणवत्ता वाले आधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी सहायता से पूरे क्षेत्र की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस मौके पर गांव इटावा के निवासियों ने अपने क्षेत्र के पार्षद एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी का भी विशेष धन्यवाद किया। गांववासियों ने कहा कि उनके निरंतर प्रयासों और विकास कार्यों के कारण गांव इटावा की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही हैं। उन्होंने गांव तथा मार्केट के विकास, सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिसके लिए पूरा क्षेत्र उनका आभारी है। गांववासियों ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए इसे गांव की सुरक्षा, विकास और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# नगर परिषद चुनाव के बाद खूनी संघर्ष

## 'जय श्री राम' के नारे पर भड़के कांग्रेस प्रत्याशी ने वीडियो बना रहे युवक को किया गंभीर घायल





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/मई। नगर परिषद चुनाव के दौरान वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होते ही शहर का माहौल उस समय अचानक तनावपूर्ण हो गया, जब वार्ड नंबर 16 से कांग्रेस प्रत्याशी रविंदरपाल सिंह राजू कामरेड पर सरेआम गुंडागर्दी करने का गंभीर आरोप लगा। आरोप है कि एक व्यक्ति द्वारा 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर कांग्रेस प्रत्याशी इस कदर आगबबूला हो गए कि उन्होंने वहां खड़े एक बेकसूर युवक को बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद की शुरूआत: चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद नगर परिषद के बाहर किसी व्यक्ति ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। इसे सुनकर कांग्रेस प्रत्याशी राजू कामरेड भड़क गए और नारा लगाने वाले की बजाय वहां मौजूद किसी अन्य व्यक्ति के साथ हाथापाई करने लगे।

**वीडियो बनाने पर जानलेवा हमला:** इसी बीच, 22 वर्षीय युवक चिराग गुप्ता (पुत्र शक्ति गुप्ता) दूर खड़ा होकर अपने मोबाइल फोन में इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो बना रहा था।

**युवक का सिर फोड़ा:** वीडियो बनती देख राजू कामरेड का गुस्सा चिराग पर फूट पड़ा। उन्होंने चिराग को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया, जिससे चिराग के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसका सिर फट गया। वारदात के बाद राजू कामरेड अपने साथियों समेत मौके से फरार हो गए।

**लुधियाना रेफर :** खून से लथपथ चिराग को तुरंत सिविल अस्पताल जगरांव ले जाया गया। सिर की चोट की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे लुधियाना रेफर कर दिया है।

### परिजनों का आरोप: सरेआम हुई गुंडागर्दी

घायल चिराग के चाचा कन्हैया लाल गुप्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के बाद सभी लोग शांतिपूर्वक अपने घरों को लौट रहे थे। वार्ड नंबर 20 से कांग्रेस प्रत्याशी (राजू का छोटा भाई राणा) भी घर जा चुका था। लेकिन वार्ड 16 के प्रत्याशी राजू कामरेड अपने कई साथियों के साथ वहां पहुंचे और गुंडागर्दी शुरू कर दी।

*'मेरे भतीजे ने सिर्फ दूर खड़े होकर वीडियो बनाने की कोशिश की थी। उसे इस तरह अपने बच्चों के समान उम्र वाले युवक के साथ सरेराह मारपीट करना बेहद निंदनीय है। हमारे भतीजे की हालत गंभीर है।'* **-कन्हैया**

# बसपा गुरुओं/रहबरों का क्रांतिकारी वैचारिक संगठन / एडवोकेट माना



दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/26 मई। बहुजन समाज पार्टी हल्का चब्बेवाल के संगठन के सदस्यों की एक विशेष बैठक राजेश भुन्नो और चन्दन सिंह के नेतृत्व में हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट पलविंदर माना, इंचार्ज बसपा हल्का चब्बेवाल पहुँचे और उनके साथ राकेश किट्टी, जिला सचिव विशेष रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। बसपा नेताओं ने गांव-गांव बैठकों के जरिए ₹पंजाब संभालो₹ मुहिम की नीतियों को हर गांव और हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया और हल्का चब्बेवाल में लगातार बैठकों करके संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर बैठक में बड़ी संख्या में नौजवानों ने बसपा की पंजाब संभालो₹ मुहिम की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई और इस अवसर पर एडवोकेट पलविंदर माना ने नौजवानों का स्वागत करते हुए बनता सम्मान दिया और बसपा में शामिल किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372